# यूपी की ग्लोबल सप्लाई चेन में बड़ी भूमिका होगी

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

प्रदेश के निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश को ग्लोबल सप्लाई चेन का बड़ा हिस्सा बनाने की है। इसमें उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका होगी। इस कड़ी में राज्य में नई निर्यात नीति लाकर निर्यातकों को तमाम सुविधाएं दी जा रही हैं। अगले तीन साल में प्रदेश का निर्यात तीन लाख करोड़ रुपये तक ले जो का लक्ष्य है।

मंत्री ने गुरुवार को शहर के एक होटल में एक दिवसीय उभरते सितारे कानक्लेव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा पिछले वर्ष कोरोना महामारी के बीच भी प्रदेश से लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का निर्यात किया गया।

**निर्यात चेन से जोड़ा जाएगाः** उन्होंने कहा कि प्रदेश को निर्यात हब बनाने के लिए पीडब्ल्यूसी का गठन किया गया है। प्रदेश से विभिन्न प्रकार के करीब 22 उत्पादों का निर्यात 19 देशों में हो रहा है। 23 नये उत्पादों को जोड़ने के साथ ही 31 अन्य देशों को निर्यात चेन से जोड़ा जाएगा।

## राज्य की 1000 नई निर्यात इकाइयां पंजीकृत हुईं

एमएसएमई व निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने कहा कि यूपी से निर्यात का बड़ा स्कोप है। प्रदेश के हर जिले का एक्सपोर्ट प्लान तैयार कराया जा रहा है। छोटे शहरों के निर्यातकों तक पहुंच बनाई जा रही है। एक्पोर्ट प्रमोशन काउसिल में राज्य की 1000 नई निर्यात इकाइयां पंजीकृत हुई हैं। निर्यात बढ़ाने के लिए प्रोडक्शन हाउस से पोर्ट तक कंटेनर के परिवहन के लिए सब्सिडी को बढ़ाकर 12 हजार रुपये किया गया है। ई-कामर्स को बढ़ावा देने के फलस्वरूप फ्लिपकार्ट पर 1000 करोड़ रुपये मूल्य के ओडीओपी उत्पादों की बिक्री हुई है।